मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
Website:www.mpmandiboard.gov.in E-mail:programmer.mpmandiboard@gmail.com Tell:0755-4207541

क्रमांक / बी–5 / 2 / एगमार्कनेट / 2020–21 / 190 भोपाल दिनांक 05 अक्टूबर 2021

प्रति,

संयुक्त संचालक / उप संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय–उज्जैन / ग्वालियर / जबलपुर एवं रीवा।

विषयः–एगमार्कनेट पोर्टल पर डाटा रिर्पोटिंग के संबंध में।
संदर्भः–श्री बी. के. प्रुष्टि, उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, फरीदाबाद, हरियाणा का ईमेल दिनांक 29 सितम्बर 2021.

–0–

उल्लेखित विषय में श्री बी. के. प्रुष्टि, उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, फरीदाबाद, हरियाणा के ईमेल दिनांक 29 सितम्बर 2021 की छायाप्रति संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित करते हुये भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर प्रदेश की चयनित 09 मंडी समितियों (**मंदसौर, नीमच, कैलारस, लश्कर, मुरैना, श्योपुरकलां, कटनी, सतना एवं नागौद**)में **जिन्स–सरसों** की दिनांक 01 अप्रैल 2011 से दिनांक 30 जून 2021 तक की गई डाटा रिर्पोटिंग का सत्यापन किये जाने तथा इसी अवधि में Missing Entry अर्थात प्रविष्टि से छूटी हुई दैनिक आवक तथा भाव की जानकारी संलग्न एक्सेल शीट पर ही साफ्टकापी में प्राथमिकता तत्काल चैक कर, सत्यापन सहित दर्ज कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि भारत सरकार की संलग्न एक्सेल शीट की साफ्टकापी में यथा उल्लेखित जानकारी का अवलोकन कर प्रविष्टि से छूटी हुई **जिन्स–सरसों** की दैनिक आवक तथा भाव की जानकारी को दर्ज करायें, अपूर्ण जानकारी को पूर्ण करायें यदि जानकारी निरंक अथवा अवकाश है तो कारण का स्पष्ट उल्लेख किया जाये, मण्डी बोर्ड को जानकारी प्रेषित करने के पूर्व संबंधित मण्डी सचिव से सत्यापन कराने के उपरान्त यह जानकारी तत्काल हार्ड एवं साफ्टकापी में अनिवार्य रूप से मण्डी बोर्ड, मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रबंध संचालक द्वारा आदेशित

05/10/21

(सुनील कुमार सक्सेना)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/एगमार्कनेट/2020–21/191 भोपाल दिनांक 05 अक्टूबर 2021

प्रतिलिपीः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल (म.प्र.)।

(02) श्री बी. के. प्रुष्टि, उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, फरीदाबाद, हरियाणा का ईमेल दिनांक 09 अगस्त 2021 के संदर्भ में।

(03) श्री मुशर्रफ सुल्तान, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक सह एगमार्कनेट योजना समन्वयक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी.विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन, भोपाल।

(04) उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, भारत सरकार, स्थानीय कार्यालय, आर. 24, जोन–1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.)462011।

(05) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति–मंदसौर/ नीमच/ कैलारस/ लश्कर/ मुरैना/श्योपुरकलां/कटनी/सतना एवं नागौदः– उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में वांछित जानकारी तत्काल अनिवार्य रूप से अपने संयुक्त/उप संचालक, आंचलिक कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

05/10/21

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल